भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

निगमित मानव संसाधन निदेशालय

पुणे हवाई अड्डे को जल्द ही मिलेगा विस्तृत क्षमता और सांस्कृतिक विरासत के प्रतिबिंब सहित एक नया टर्मिनल भवन

नई दिल्ली, 04 मई, 2023: पुणे हवाईअड्डे पर व्यस्ततम समय के दौरान भीड़भाड़ कम करने के लिए, भाविप्रा ने 475 करोड़ रुपये की लागत से नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण शुरू किया है। । नए भवन के आरंभ होने की संभावना सितंबर, 2023 तक है।

केवल 22000 वर्गमीटर के निर्मित क्षेत्र के साथ वर्तमान टर्मिनल भवन प्रति वर्ष सात मिलियन यात्री (एमपीपीए) तक यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है। 3,60,000 वर्ग फुट से अधिक के विशाल निर्मित क्षेत्र के साथ, पुणे हवाईअड्डे के नए टर्मिनल भवन में प्रति वर्ष 09 मिलियन अतिरिक्त यात्रियों (एमपीपीए) को संभालने की क्षमता होगी।

नवीन भव्य भवन, पांच यात्री बोर्डिंग ब्रिज, 34 चेक-इन काउंटर और इन-लाइन बैगेज हैंडलिंग प्रणाली के प्रावधान के साथ केंद्रीयकृत वातानुकूलित होगी। यह भवन चार सितारा गृह रेटिंग के साथ एक ऊर्जा दक्ष भवन होगा। यात्रियों के जलपान/सुखद अनुभव के लिए एफ एंड बी और खुदरा दुकानों के लिए 27,000 वर्ग फुट स्थान का प्रावधान आरक्षित किया गया है। मौजूदा भवन और नए भवन के सिटी साइड पर एक विशाल छतरी एक साथ सिटी साइड से हवाई अड्डे को एक शानदार रूप देगी।

400 मीटर से अधिक लंबाई में फैला, बरामदा एक एकीकृत अग्रभाग है जो न केवल धूप और बारिश से सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि पुणे और महाराष्ट्र की समृद्ध सामाजिक, ऐतिहासिक और कलात्मक संस्कृति के वृंतात का वर्णन करते हुए एक भव्य शहरी भित्ति चित्र के रूप में भी कार्य करता है। बड़े बरामदे के नीचे सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रभाग सुंदर मेहराबों और स्थानीय गहरे पत्थरों से बने स्तंभों से निर्मित है। पुणे हवाईअड्डे का पुनर्निर्मित

टर्मिनल भवन हवाईअड्डे पर बढ़ते यात्री यातायात को संभालने और टर्मिनल के अंदर भीड़भाड़ को कम करने में सक्षम होगा।

निगमित संचार निदेशालय भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए
कृपया संपर्क करें:
महाप्रबंधक (निगमित संचार)
011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 03/2023-24

अग्रभाग का संभावित चित्र

स्थल पर एनआईटीबी की स्थिति